<u>प्रेस-नोट</u>

थाना कोतवाली, जनपद झाँसी

<u>दिनाँक- 25.11.2025</u>

- जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही,
- हत्या के अभियोग में वाछिंत, 25 हजार का इनामिया अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार,
- घटना में प्रयुक्त असलहा, खोखा व जिन्दा कारतूस बरामद,

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में दिनाँक 25.11.25 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत सदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चैकिंग के दौरान मुखविर की सूचना पर 25 हजार के इनामिया अभियुक्त जितेन्द्र प्रजापति उर्फ जीतू पुत्र हरिराम प्रजापति निवासी ग्राम रद्धन थाना ओरछा जिला निवाडी म0प्र0 उम्र करीब 29 वर्ष को समय करीब 22.50 PM बजे मोहल्ला बाबा का आटा मुस्तरा रोड नवनिर्मित कालोनी के आगे थाना कोतवाली जिला झाँसी के पास पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगी है जिसे उपचार हेतु मेडिकल कालेज झाँसी मे भर्ती करवाया गया।

पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 367/25 धारा 109(1) BNS-2023 (पुलिस मुठभेड़) व 3/25/28 आयुध अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>संक्षिप्त विवरण</u>-

दिनाँक 25.11.2025 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा पूर्व में घटित घटनाओं के अनावरण व तलाश वांछित अपराधीगण आदि में समस्त फोर्स के साथ चैकिंग, सुरागरसी, पतारसी, तलाश इनामिया व वांछित अपराधी तथा मु0अ0सं0 359/2025 धारा 3(5)/103(1)/109(1)BNS में वांछित अभियुक्त जितेन्द्र प्रजापति उर्फ जीतू पुत्र हरिराम प्रजापति की तलाश मे मैरी तिराहे पर मामूर थे कि मुखबिर ने सूचना दिया कि दिनांक 13/11/2025 को शिवपरिवार कालोनी में रमेश प्रजापति की हत्या के मामले में दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी के बाद भी एक हत्यारा जो अभी पुलिस के हाथ नही लगा है वह मुस्तरा गाँव की ओर जाने वाले रोड पर नवनिर्मित कालोनी के पास खडा है जो कही जाने की फिराक मे है। इस सूचना पर तत्काल पुलिस बल द्वारा अभियुक्त की तलाश हेतु घेराबन्दी की गयी। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देखकर उक्त व्यक्ति ने हाईवे की ओर भागने का प्रयास किया कि तो हम पुलिस टीम द्वारा ललकराते हुए रूकने को कहा गया तो व्यक्ति ने अपने आप को पुलिस से घिरता देखकर पुलिस पार्टी की तरफ जान से मारने की नियत से फायर किया। जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के पैर में गोली लगी तथा मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर जितेन्द्र

प्रजापति उर्फ जीतू पुत्र हरिराम प्रजापति निवासी ग्राम रखन थाना ओरछा जिला निवाडी म0प्र0 उम्र करीब 29 वर्ष बताया। अभियुक्त उपरोक्त ने बताया कि मैंने अपने दो साथियों विनोद व सचेन्द्र के साथ मिलकर दिनांक 13.11.25 को अपने मौसा रमेश प्रजापति की हत्या की थी तथा मौसेरे भाई प्रियाँशु प्रजापति को जान से मारने की कोशिश की थी परन्तु वह बच गया था उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 359/2025 धारा 3(5)/103(1)/109(1)BNS का अभियोग पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्तगण –

जितेन्द्र प्रजापति उर्फ जीतू पुत्र हरिराम प्रजापति निवासी ग्राम रखन थाना ओरछा जिला निवाडी म0प्र0 उम्र करीब 29 वर्ष

आपराधिक इतिहास....

1. मु0अ0स0 269/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली, झांसी
2. मु0अ0स0 271/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली ,झांसी
3. मु0अ0स0 272/24 धारा 317(2)/317(4) बीएनएस थाना कोतवाली,झांसी
4. मु0अ0सं0 359/2025 धारा 3(5)/103(1)/109(1)बीएनएस थाना कोतवाली
5. मु0अ0स0 367/25 धारा 109(1) BNS-2023 (पुलिस मुठभेड़) व 3/25/28 आयुध अधि0 थाना कोतवाली जनपद झांसी।

बरामदगी-

01 अदद तमंचा देशी 315 बोर,
02 अदद खोखा कारतूस 315 बोर,
01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर,
150 रुपये नकद

पुलिस टीम का विवरणः-

1. निरी0 श्री राजेश पाल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली, झाँसी।
2. उ0नि0 श्री मंसूर अहमद चौकी प्रभारी उन्नाव गेट थाना कोतवाली झांसी।
3. उ0नि0 श्री आशीष धामा चौकी प्रभारी नईबस्ती थाना कोतवाली ,झाँसी।
4. उ0नि0 श्री अनुराग सिँह थाना कोतवाली जनपद झांसी।
5. उ0नि0 श्री अजय यादव थाना कोतवाली जनपद झांसी।
6. का0 1013 अवध नरेश थाना कोतवाली जनपद झांसी।
7. का0 62 कपिल चाहर थाना कोतवाली जनपद झांसी।
8. का0 833 राकेश कुमार थाना कोतवाली जनपद झांसी।
9. का0 219 विजय कुमार थाना कोतवाली जनपद झांसी।